## खबर संक्षेप

### 29 को बाबा धारीमल की समाधि पर होगा भंडारा

रादौर। कस्बा रादौर के गांव खुर्दबन में बाबा धारीमल की समाधि पर 29 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दूर-दूर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु मत्था टेकने और पूजा अर्चना करने पहुंचेंगे। हिंदू सिख एकता की मिसाल रहे बाबा धारीमल की समाधि पर वर्षों से लोग आस्था लेकर पहुंच रहे है। जानकारी देते हुए समाजसेवी सतीश सैनी ने बताया कि बाबा धारीमल ने गांव खुर्दबन व धनौरा के जंगलो में वर्षो तपस्या की और इसी स्थान पर वह ब्रहालीन हो गए। इस जगह पर गांव खुर्दबन धनौरा के लोगों ने बाबा धारीमल की समाधि बनाई। बाबा धारीमल की समाधि पर जहां गुरूग्रंथ साहिब का पाठ होता है वहीं रामचरित मानस का पाठ भी किया जाता है। बाबा धारीमल उन महान संतो में से एक थेए जिन्होंने गुरूनानक देव के आदर्शो को अपनाकर अपना सारा जीवन मानव कल्याण व प्रभु भक्ति में व्यतीत किया। पिछले एक महीने से बाबा धारीमल की समाधि पर पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

### नशीले पदार्थ के साथ दो युवक गिरफ्तार

यमुनानगर। कलानौर पुलिस चौकी टीम ने कलानौर बॉर्डर से दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8.5 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपियों से बरामद हेरोइन की कीमत 30 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।
जानकारी के अनुसार कलानौर पुलिस चौकी में तैनात सह उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने बताया कि वह शनिवार रात आठ बजे टीम के साथ कलानौर बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि दो युवक उत्तर प्रदेश से नशीला पदार्थ लेकर यमुनानगर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही उसने वाहनों की जांच कड़ी कर दी। इस दौरान उन्हें दो युवक आते दिखाई दिए। जब उन्होंने शक होने पर आरोपी युवकों को रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 8.5 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### नारी सशक्तिकरण से देश बनेगा आत्मनिर्भर : जैन

पानीपत। पानीपत के जैन मोहल्ला स्थित जैन किड्स स्कूल के प्रांगण में आरंभ फाउंडेशन एवं जैन किड्स स्कूल के द्वारा महिला दिवस एवं फाउंडेशन के दसवें स्थापना दिवस को अधिरा महोत्सव हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों पार्षद नवल जिंदल, मोटिवेटर राजीव परुथी, वर्ल्ड चैंपियन प्रवीन नांदल, कुलवंत सिंह, समाज सेविका सुमन गुप्ता, शशि जैन, सुधा जैन ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन कर इस महोत्सव का शुभारंभ किया गया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी ममता जैन के द्वारा की गई। वहीं, जैन किड्स स्कूल के प्रिंसिपल मोनिका सहगल, स्कूल मैनेजर संजीव जैन व फाउंडेशन के संरक्षक दिनेश जैन के द्वारा अतिथियों का स्वागत फाउंडेशन की प्रथा के अनुसार फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा एक पौधा और गमला देकर किया गया। वहीं, जैन किड्स स्कूल के बच्चों के द्वारा महामंत्र णमोकार पर सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। इधर, आरंभ फाउंडेशन के द्वारा चल रहे कार डस्टबिन वितरण अभियान मिशन 10000 का शुभारंभ किया।

### गुरु नानक खालसा कॉलेज में 58वें वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन

# बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए खेल व शिक्षा दोनों जरूरीः डॉ. नागी

एथलेटिक मीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



यमुनानगर। मुख्यातिथि को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए आयोजक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में 58वें वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। एथलेटिक मीट में मुख्यातिथि के रुप में नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला के पूर्व निदेशक डॉ. इंदर प्रकाश नागी ने भाग लिया। उन्होंने रिबन काटकर एथलेटिक मीट का शुभारंभ किया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में उत्तर रेलवे के मंडल संयुक्त खेल सचिव पंकज चुघ मौजूद रहे। प्रबंधन समिति के सदस्य एवं महासचिव सरदार बलवंत सिंह बंगा, वित्त सचिव सरदार अमरदीप सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. पीर गुलाम नबी सुहैल व डॉ. कमलप्रीत कौर ने मुख्यातिथि समेत अन्य अतिथियों का स्वागत गिया।

मुख्यातिथि डॉ. इंदर प्रकाश नागी ने कहा कि खेल तथा शिक्षा दोनों ही क्षेत्र विद्यार्थियों के लक्ष्य हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने संस्थान की गौरवशाली विरासत पर जोर दिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि पंकज चुघ ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, समर्पण और दृढ़ता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। वहीं,कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने बताया कि एथलेटिक मीट में संस्थान के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने एथलेटिक मीट में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम वर्क और उत्कृष्टता की भावना को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रदेश के खिलाड़ी अपने बहतरीन खेल से देश-विदेशों में नाम रोशन कर रहे है। ऐसे में हमें खिलाड़ियों को बढ़ावा देना चाहिए। जिससे प्रदेश का नाम रोशन हो व नई पहचान मिले।

इस अवसर पर कालेज के पूर्व प्रिंसीपल डॉ. हरिंदर सिंह कंग, सेवानिवृत्त संकाय सदस्य डॉ.अमृता प्रीतम, डॉ.बोधराज, डॉ. रंजीत सिंह, डॉ. किरण गुलाटी और डॉ. परमिंदर सिंह सिद्धु, पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष सरदार गुरदयाल सिंह निमर, योगेश, अनिल, भूपिंदर सिंह, राजेश भारद्वाज, दविंदर कुमार आदि मौजूद रहे।

#### खिलाड़ियों की उपलब्धियों को किया रेखांकित

मौके पर डॉ. पीर गुलाम नबी सुहैल ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति कॉलेज की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मेधावी खिलाड़ियों को उनके शैक्षणिक और खेल संबंधी लक्ष्यों को पूरा करने में सहायता देने हेतु प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर संस्थान के खेल विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय विज ने वार्षिक खेल प्रदर्शन रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट में उन्होंने वर्ष भर के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय और अंतर महाविद्याल प्रतियोगिताओं में कॉलेज के खिलाड़ियों द्वारा अर्जित उपलब्धियों को विस्तारपूर्वक रेखांकित किया। कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने विजेता खिलाड़ियों व प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# घायल की जान बचाने पर मिलेंगे 25 हजारः कुशलपाल



यमुनानगर। लोगों को राहवीर योजना की जानकारी देते हुए पुलिस कर्मचारी।

- जिला पुलिस प्रशासन ने सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए राहवीर योजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्ग दर्शन में सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए जिले में राहवीर योजना का शुभारंभ किया है। इस योजना के तहत यातायात पुलिस द्वारा अंबाला मार्ग स्थित मिल्क सुखी टोल प्लाजा के नजदीक कार्यक्रम का आयोजन कर राहगीरों को राहवीर योजना की जानकारी दी।

यातायात थाना प्रभारी उप निरीक्षक कुशलपाल ने बताया कि सरकार ने सड़क हादसों में कमी लाने और पीड़ितों को समय पर उपचार दिलाने के लिए राहवीर योजना शुरू की है। इसके तहत अगर कोई व्यक्ति किसी घायल की जान बचाता है तो सरकार उसे 25 हजार रुपये की नकद राशि, प्रशंस्ति पत्र और राहवीर की उपाधि से सम्मानित करेगी। इस दौरान उन्होंने से अपील करते हुए कहा कि हमें सड़क पर ध्यान से वाहन चलाना चाहिए, जिससे दुर्घटना होने की संभावना होती है।

#### कानूनी पचड़ों से नहीं होगा सामना

यातायात थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह ने बताया कि अक्सर लोग पुलिस पूछताछ और कानूनी कार्रवाई के डर से घायलों की मदद नहीं करते हैं। मगर अब राहवीर को पुलिस या अस्पताल प्रशासन की तरफ से किसी भी तरह परेशान नहीं किया जाएगा। गवाही के लिए भी मजबूर नहीं किया जाएगा। हमारी एक छोटी सी पहल किसी की जान बचा सकती है। हम चाहते हैं कि हर नागरिक जिम्मेदार राहवीर बने। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत नागरिकों को सीट बेल्ट लगाने, हेलमेट पहनने और ओवर स्पीडिंग से बचने की भी अपील की जा रही है। मौके पर मौजूद यात्रियों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और नियमों का पालन करने की शपथ ली।

# 22 को होगा सर्वश्रेष्ठ शाश्वत विश्वविद्यालय प्रेरणा कार्यक्रम

- कार्यक्रम में विदेशों से गायक, प्रवक्ता व अभिनेता करेंगे शिरकत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सत्यार्थ ग्रुप आफ इंडिया द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में 22 मार्च को श्रीराम विश्व के सर्वश्रेष्ठ शाश्वत विश्वविद्यालय प्रेरणा विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम दा सत्यार्थ संवाद लाइव सेशनल शो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग इवैंट अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर पर संयोजित किया जा रहा है। सत्यार्थ ग्रुप आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सौरभ आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में श्लोकार्थ, व्याख्यान, संगीतमय भजन व काव्यपाठ सत्र भी होंगे। जिसमें देश विदेश से सम्मानित महान विभूतियों में वैज्ञानिक, शिक्षाविद, वक्ता एवं प्रवक्ता, गायक, विद्वान विदुषी, कवि, अभिनेता, लेखक, साहित्यकार, तपोनिष्ठ संन्यासी एवं धर्म प्रवक्ता आदि सहभागिता करेंगे। सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया द्वारा इवैंट इन्विटेशन एवं प्रोटोकॉल जारी कर दिया गया है और टीम द्वारा समस्त तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों के पहुंचने की अपील की है।

### शिविर में विशेषज्ञों ने बताए तनाव राहत पाने के उपाय




रादौर। मुकंदलाल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते ग्रामीण।

रादौर। मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में चल रहे एनएसएस शिविर में रविवार को तनाव व उससे राहत पाने के उपाय बताए। शिविर में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग से योग विशेषज्ञों रिंपी मौजूद रही। कार्यक्रम में रिंपी ने जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है और मन को शांति मिलती है। साथ ही उन्होंने स्वयंसेवकों को माता-पिता, दादा दादी बड़ों का सम्मान करने जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने, उसे सही योजना व मेहनत के साथ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रचनात्मक सोच अपने और योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनने का संदेश भी दिया। जिससे शरीर और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है। सरपंच और पंचायत सदस्यों ने स्वयंसेवकों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि उनके समाधान के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। सरपंच कृष्णा देवी ने कहा कि वह समय.समय पर गांव के विकास और सुधार के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर एनएसएस इंचार्ज नवीन भारद्वाज, पिंकी रानी, सरपंच कृष्णा देवी व कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# जिले में घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर का पर्याप्त भंडारः प्रीति

- उपभोक्ता 25 दिन बाद कर सकेंगे नए गैस सिलेंडर की बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। गैस सिलेंडरों के पर्याप्त भंडार की जानकारी देते उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस के सिलेंडरों को लेकर जिलेवासियों को घबराने की जरुरत नहीं है। क्योंकि वर्तमान घरेलू गैंस संकट की स्थिति को देखते हुए पेट्रोलियम एजेंसियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में रसोई गैस सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार है। इसलिए उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलेंडरों को लेकर घबनाने की जरुरत नहीं है। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि वर्तमान घरेलू गैस संकट की स्थिति को देखते हुए पेट्रोलियम एजेंसियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। इसलिए आम उपभोक्ताओं को घबराने या गैस एजेंसियों के पास अनावश्यक रूप से भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा तथा गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा वर्तमान में यह व्यवस्था लागू की गई है कि किसी भी घरेलू उपभोक्ता को अंतिम गैस सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नए गैस सिलेंडर की बुकिंग करने की अनुमति है। बुकिंग दर्ज होने के पश्चात 2 से 3 दिनों के भीतर घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा घरेलू गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके। विभाग द्वारा आम जनता के हित में घरेलू गैस वितरण प्रणाली को सुधार और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं से अपील है कि वे धैर्य बनाए रखें तथा अनावश्यक रूप से गैस वितरकों के यहां भीड़ न लगाएं तथा वे भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि जिले में रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है। प्रशासन ने सभी आवश्यक इंतजाम कर लिए है।



यमुनानगर। कथा का श्रवण करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### सच्ची भक्ति से भक्त को मिलने आते हैं भगवानः मृदुल

यमुनानगर। शहर की रामपुरा कालोनी स्थित श्री हनुमान मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में तीसरे दिन रविवार को वृंदावन से आए कथाव्यास आचार्य चैतन्य मृदुल महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्त ध्रुव व विदुर के चरित्र का प्रसंग सुनाया। कथाव्यास आचार्य चैतन्य मृदुल महाराज ने फरमाया कि यदि ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है तो फिर हम कैसे पीछे रह सकते हैं। यदि सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते हैं। उन्होंने समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया। जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। आचार्य चैतन्य मृदुल ने कहा कि जब तक जीव माता के गर्भ में रहता है तब तक वह बाहर निकलने के लिए छटपटाता रहता है।

# साइबर ठगों ने अधिक मुनाफे का लालच देकर ठगे चार लाख 31 हजार

- पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

साइबर ठगों ने कंपनी में पैसे इन्वेस्टमेंट कर अधिक प्रॉफिट कमाने का लालच देकर शहर के सिटी सेंटर रोड सोंधी गली निवासी महेश कांत शर्मा से चार लाख 31 हजार रुपये ठग लिए। महेश कांत शर्मा को जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार उसके प्रॉफिट के पैसे उसे अपने अकाउंट में ऑनलाइन शो होते रहे मगर वह उन पैसों को नहीं निकल पाया। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जब उसे अपने साथ ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### इन्वेस्टमेंट का दिया लालच

सिटी सेंटर रोड स्थित सोंधी गली निवासी महेश कांत शर्मा ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 जनवरी 2026 को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो वह एक ग्रुप से जुड़ गया। जहां पर पैसे इन्वेस्टमेंट करने अधिक प्रॉफिट कमाने के संबंध में बातचीत चल रही थी। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ बात करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे कहा कि अगर वह उनकी कंपनी में पैसे इन्वेस्टमेंट करता है तो उसे अधिक प्रॉफिट दिया जाएगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। इस दौरान आरोपियों ने उसे अलग-अलग तारीखों में 18 फरवरी के बीच चार लाख 31 हजार रुपए बैंक में जमा करवाएं।

# शिक्षा का मूल उद्देश्य मानवीय मूल्यों का विकास करनाः सैनी

- डीएवी पब्लिक स्कूल में हुआ एक दिवसीय सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

डीएवी पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय मूल्य आधारित शिक्षा मूल्यों का विकास कैसे किया जाए था। कार्यक्रम में प्रिंसिपल रमन कुमार शर्मा मुख्य अथिति के रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि यह सेमिनार शिक्षकों के प्रशिक्षण के उद्देश्य से आयोजित किया गया। जिसमें नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों के विकास पर विशेष बल दिया गया।

#### छात्रों का होगा विकास

सेमिनार में नेशनल टीचर प्राइज अवार्ड देवेश कुमार सैनी मुख्य वक्ता के रूप में मैजूद रहे। उन्होंने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक, सामाजिक व मानवीय मूल्यों का विकास करना भी है। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों में ईमानदारी, अनुशासन, सहयोग, सहानुभूति व जिम्मेदारी जैसे मूल्यों का विकास कैसे किया जा सकता है। इस अवसर पर प्रिंसिपल रमन कुमार शर्मा ने कहा कि मूल्य शिक्षा का महत्व जिज्ञासा को जगाना है। शिक्षा मूल्यों के हितों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है व शिक्षा कौशल विकास में मदद करती है।

# संगठन के कारण आज करोड़ों लोग जी रहे चरित्रवान जीवन : शक्तिपुत्र

- 15 मार्च 1995 को हुई थी भगवती मानव कल्याण संगठन की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



रादौर। महाआरती कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु।

भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को मासिक महाआरती का आयोजन किया गया। मां जगत जननी जगदंबा व सतगुरु देव श्री शक्तिपुत्र जी महाराज की दिव्य महाआरती में कार्यकर्ता इंदुबाला ने कार्यक्रम का संचालन किया। सुनैना झिंझरो व ऋतु चमरौडी ने गुरुवर जी के व मां के जयकारे लगवाए। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता ने कहा कि आज बड़ा ही सौभाग्य का दिन है। 15 मार्च 1995 के दिन परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज ने भगवती मानव कल्याण संगठन की स्थापना की। संगठन द्वारा आज करोड़ों लोग नशामुक्त, मांसाहार मुक्त व चरित्रवान जीवन जी रहे हैं। सौभाग्य से हमें आज के दिन यह महाआरती क्रम मिला। यहां पर भी इस महाआरती में आकर सिद्धाश्रम धाम में हो रही मूलध्वज की आरती का लाभ लिया। समाज को अभी यह संदेश देने का समय आ चुका है कि आओ हम लौट चलें अपने ऋषि मुनियों की परंपराओं व सनातन संस्कृति की ओर।

### साध्वी भारती ने संगत को बताया जीवन के कर्मफल का महत्व

# मानव का जीवन उसके कर्मफल पर होता है आधारितः भारती

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने जगाधरी में आयोजित किया संत संकीर्तन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए भारती।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान साध्वी सरस्वती भारती ने साध संगत को मानव जीवन के कर्मफल के महत्व के बारे में बताया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से प्रभु और गुरुवर की महिमा का गुणगान किया। साध्वी सरस्वती भारती ने फरमाया कि प्रत्येक मानव का संपूर्ण जीवन उसके कर्मों एवं कर्मफल पर आधारित होता है। गुरु सेवा इसी सिद्धांत पर ही कार्य करती है। जब कोई शिष्य पूर्ण समर्पण, श्रद्धा एवं विश्वास की भावना से परिपूर्ण होकर गुरू सेवा करता है तब वह सेवा ही हमारे वर्तमान कर्मों को सुधारकर संचित कर्मों को समाप्त करने में बहुत बड़ा योगदान देती है। जिससे प्रारब्ध से मिलने वाली पीड़ाएं कम हो जाती हैं और धीरे धीरे हम इस कर्म जंजाल से मुक्त हो जाते हैं। गुरु अपने तपोबल एवं कृपा के द्वारा अपने शिष्य को जन्म और मृत्यु से पार जाने के मार्ग पर अग्रसर करता है। इस दिव्य मार्ग पर आगे बढ़ते हुए जो बाधाएं एवं कष्ट आते हैं उन्हें गुरु स्वयं अपने ऊपर लेकर शिष्य की सदैव रक्षा करते हैं।

#### विचार व वाणी से बोले शब्द बनते हैं कर्मफल

उन्होंने कहा कि हमारे मन में उठे विचार व वाणी के द्वारा बोले गए शब्द और हमारे द्वारा किए हुए कार्य ही कर्म और कर्म फल बनते हैं। संचित, प्रारब्ध एवं क्रियामान तीन प्रकार के कर्म बताए गए हैं। वर्तमान में किए जाने वाले कर्म क्रियामान कर्म होते हैं जो हम अपने मन, चित्त एवं बुद्धि के वशीभूत होकर करते हैं। हमारे द्वारा किया हुआ प्रत्येक कर्म कब कहां और कैसे फल प्रदान करेगा। यह स्वयं प्रकृति निर्धारित करती है और प्रकृति के निर्धारण के अनुसार संचित कर्म ही प्रारब्ध के रूप में पके हुए फल की तरह दुःख सुख बन कर हमारी झोली में आ गिरता है।

